ont>

Title: Need to improve the functioning of telephones in Banaskantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में दूरसंचार की खराब स्थिति की तरह दिलाना चाहता हूं। इस क्षेत्र में प्रतीक्षा सूची ग्यारह साल से यानी 1994 से है और जो टेलीफोन एक्सचेंज लगे हैं, वे भी खराब पड़े हैं। इस सम्बन्ध में जब लोग पता लगाते हैं तो उनसे कहा जाता है कि बी.एस.एन.एल. में स्टाफ की कमी है, बिजली नहीं है। इन सबके कारण सरकार ने यहां के जो लक्ष्य बनाये थे, वे पूरे नहीं हुए हैं। इस सम्बन्ध में मैं सदन का ध्यान कई बार दिला चुका हूं, परन्तु कोई भी प्रगति नहीं हुई है, जो लोकहित और प्रजातंत्र की दृटि से उचित नहीं है। जनप्रतिनिधियों की बातों एवं सुझावों पर गम्भीरता से देखना चाहिए। इस क्षेत्र में डब्लू.एल.एल. की काफी संभावना है, उसका कार्य भी नहीं हो रहा है। इस कार्य को गति देनी चाहिए और मोबाइल सुविधाएं भी जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जानी चाहिए, क्योंकि यहां पर इसकी मांग बहुत है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में टेलीफोन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा की जाये और इसमें पाई गई कमियों को दूर करके दूरसंचार का वास्तविक लाभ लोगों को दिलवाया जाये।